बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0................./2024

माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, (STET) 2024 में सम्मिलित होने वाले आवेदकों का द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र (Second Dummy Admit Card) समिति के वेबसाईट पर अपलोड रहने, एवं ऑनलाईन त्रुटि संशोधन के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि समिति की विज्ञप्ति संख्या–पी०आर०–09/2024 के क्रम में माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, (STET) 2024 के आवेदन पत्र भरने वाले आवेदकों का द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र **(Second Dummy Admit Card)** समिति के वेबसाईट **https://www.bsebstet2024.com** पर **दिनांक 18.01.2024 से 24.01.2024** तक उपलब्ध रहेगा। संबंधित आवेदक उक्त अवधि में अपना द्वितीय डमी प्रवेश–पत्र डाउनलोड करना सुनिश्चित करेंगे। द्वितीय डमी प्रवेश पत्र में अगर किसी प्रकार की त्रुटि हो तो संबंधित आवेदक अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड का उपयोग कर उपर्युक्त वेबसाईट पर उक्त तिथि तक द्वितीय डमी प्रवेश पत्र में मुद्रित विवरणों का त्रुटि सुधार कर सकते हैं।

2. विज्ञप्ति संख्या पी0आर0 09/2024 में उल्लेखित सभी निदेश यथावत् रहेगा।
3. **दिनांक 24.01.2024** के बाद किसी भी प्रकार की त्रुटि के सुधार का दावा मान्य नहीं होगा ।

16/1/24

परीक्षा नियंत्रक, (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति,पटना।

ज्ञापांक : के0वि0– ...41........./2024 पटना, दिनांक–...16.../...01.../2024

प्रतिलिपिः जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को दैनिक समाचार–पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

2. प्रोजेक्ट मैनेजर, M/s Kids International Services Pvt Ltd को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. उप निदेशक, आई0टी0 (ओ0एफ0एस0एस0), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित एवं अनुरोध है कि सभी संबंधित को इस विज्ञप्ति से अवगत कराया जाए। साथ ही इसे समिति के BSEB Information App पर अपलोड कर दिया जाय एवं अपनी निगरानी एवं पर्यवेक्षण में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाय तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाय।
4. वित्त पदाधिकारी/लेखा पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ एवं विज्ञप्ति के आलोक में शाखा प्रबन्धक HDFC BANK मौर्यालोक, Patna , शाखा प्रबंधक, PNB बोरिंग रोड, पटना एवं AXIS BANK Patliputra, Patna को परीक्षा आवेदन शुल्क की राशि समिति की खाता संख्या में जमा करने हेतु आवश्यक निदेश देने का कष्ट किया जाए।
5. शाखा प्रबंधक, HDFC BANK मौर्यालोक, Patna, शाखा प्रबंधक, PNB बोरिंग रोड, पटना एवं शाखा प्रबंधक, AXIS BANK Patliputra, Patna से अनुरोध है कि माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2024 का Online परीक्षा शुल्क समिति के खाता संख्या में जमा करने की व्यवस्था की जाए।
6. अपर सचिव, भण्डार (मा0) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
7. सभी जिला पदाधिकारी एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।
8. अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
9. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित।

16/1/24

परीक्षा नियंत्रक, (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

16/1/24